

# दयानंद महाविद्यालय व सर्वोदय भवन में करार

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 28 अप्रैल

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के इतिहास विभाग तथा गांधी अध्ययन केन्द्र सर्वोदय भवन के बीच आपस में समन्वय से कार्य करने के लिए समझौता (एमओयू) हुआ। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिह तथा सर्वोदय भवन की ओर से व्यवस्थापक धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए। दयानन्द महाविद्यालय में महात्मा गांधी से सम्बन्धित कार्यक्रम करवाए जाएंगे तथा विद्यार्थियों को गांधी जी के व्यक्तित्व, कर्तव्य व चिन्तन पर शोध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर शोध के लिए सामग्री, दस्तावेज, चित्र व साहित्य जो सर्वोदय भवन में उपलब्ध होगा वह विद्यार्थी देख सकेंगे। दयानन्द महाविद्यालय व सर्वोदय भवन के बीच सम्बन्ध प्रारम्भ से ही अच्छे रहे हैं। सर्वोदय भवन के संस्थापक दादा गणेशी लाल, लाला बलवन्त तायल, ठाकुरदास भार्गव व भगत रामेश्वर दास इत्यादि दयानन्द महाविद्यालय की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। दयानन्द महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य ज्ञानचन्द महाजन, डॉ. डीएन शर्मा तथा नारायण दास ग्रोवर, सुभाष शर्मा नियमित रूप से वहां जुड़े रहे जबकि पूर्व प्राचार्य सर्वनन्दा आर्य व वर्तमान प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने भी विभिन्न अवसरों पर सर्वोदय भवन की गोष्ठी में व्याख्यान दिए हैं। दयानन्द



महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य आईजे नाहल तथा वर्तमान में शिक्षक डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, नरेन्द्र कुमार, सुरेश यादव, मंजीत सिंह नियमित गतिविधियों व कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह सर्वोदय भवन संचालक मण्डल के साथ गत 25 वर्षों से जुड़े हैं। सर्वोदय भवन की दोनों स्मारिकाओं के मुख्य सम्पादक की भूमिका का निर्वाह भी डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया है।

# गांधी अध्ययन केन्द्र, सर्वोदय भवन व दयानन्द महाविद्यालय के बीच एम.ओ.यू. साइन

हिसार, 28 अप्रैल (स.ह.): पुरानी अनाज मंडी रोड स्थित गांधी अध्ययन केन्द्र, सर्वोदय भवन तथा दयानंद महाविद्यालय, हिसार के इतिहास विभाग के बीच आपस में समन्वय से कार्य करने के लिए समझौता (एम.ओ.यू.) सम्पन्न हुआ जिसके तहत दयानंद महाविद्यालय में महात्मा गांधी से सम्बन्धित कार्यक्रम करवाए जाऐंगे तथा विद्यार्थियों को गांधी जी के व्यक्तित्व, कर्त्तव्य व चिन्तन पर शोध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दूसरी ओर शोध के लिए सामग्री, दस्तावेज, चित्र व साहित्य जो सर्वोदय भवन में उपलब्ध होगा जिसको विद्यार्थी देख सकेंगे। आज हुए इस समझौते में इन दोनों संस्थाओं के सम्बन्धों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगा। दयानन्द महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह तथा सर्वोदय भवन की ओर से व्यवस्थापक धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए।



*एम.ओ.यू. हस्ताक्षर करने के दौरान उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. महेन्द्र सिंह तथा धर्मवीर शर्मा आदि।*

सर्वोदय भवन के संस्थापक दादा गणेशी लाल, लाला बलवन्त राय तायल, ठाकुर दास भार्गव व भगत रामेश्वर दास इत्यादि दयानन्द महाविद्यालय की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। दयानन्द महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य ज्ञानचन्द महाजन, डॉ. डी.एन. शर्मा तथा नारायण दास ग्रोवर, सुभाष शर्मा नियमित रूप से वहां जुड़े रहे जबकि पूर्व प्राचार्य सर्वदानंद आर्य व वर्तमान प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने भी विभिन्न अवसरों पर सर्वोदय भवन की गोष्ठी में व्याख्यान दिए हैं।

दयानन्द महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य आई.जे नाहल तथा वर्तमान में शिक्षक डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, नरेन्द्र कुमार, सुरेश यादव, मंजीत सिंह नियमित गतिविधियों व कार्यक्रमों में शामिल होते हैं।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह सर्वोदय भवन संचालक मण्डल के साथ पिछले 25 वर्षों से जुड़े हैं। सर्वोदय भवन की दोनों स्मारिकाओं के मुख्य सम्पादक की भूमिका का निर्वाह भी डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

हिसार, 28 अप्रैल (ब्यूरो): जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 29 अप्रैल को प्रात:11 बजे लघु सचिवालय परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्तम सिंह करेंगे।

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार ने बताया कि बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करने के अतिरिक्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

CMYK

भास्कर

# डीएन कॉलेज और सर्वोदय भवन के बीच एमओयू पर साइन किए



सिटी रिपोर्टर • डीएन कॉलेज के इतिहास विभाग और गांधी अध्ययन केंद्र सर्वोदय भवन के बीच एमओयू साइन किए गए। एमओयू के तहत डीएन कालेज में महात्मा गांधी से संबंधित कार्यक्रम करवाए जाएंगे। जिससे विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन, व्यक्तित्व, कर्तव्य और चिंतन को समझने का अवसर मिलेगा। डीएन कॉलेज की तरफ से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. महेन्द्र सिंह तथा सर्वोदय भवन की तरफ से व्यवस्थापक धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए।

# डीएन कॉलेज व गांधी केंद्र में हुआ समझौता

## डीएन कॉलेज में महात्मा गांधी से संबंधित कार्यक्रम करवाए जाएंगे

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। दयानंद (डीएन) महाविद्यालय के इतिहास विभाग और गांधी अध्ययन केंद्र सर्वोदय भवन के बीच आपस में समन्वय से कार्य करने के लिए समझौता (एमओयू) संपन्न हुआ। इसके तहत दयानंद महाविद्यालय में महात्मा गांधी से संबंधित कार्यक्रम करवाए जाएंगे। विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व, कर्त्तव्य व चिंतन पर शोध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सर्वोदय भवन के संस्थापक दादा गणेशी लाल, लाला बलवंत तायल, ठाकुरदास भार्गव व भगत रामेश्वर दास दयानंद महाविद्यालय की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं।



दयानंद महाविद्यालय में एमओयू दिखाते डॉ. विक्रमजीत, डॉ. महेंद्र सिंह व अन्य। संवाद

दयानंद महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य ज्ञानचंद महाजन, डॉ. डीएन शर्मा, नारायण दास ग्रोवर, सुभाष शर्मा, पूर्व प्राचार्य सर्वनंद आर्य, प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह सर्वोदय भवन की गोष्ठी में व्याख्यान देते रहे हैं। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह सर्वोदय भवन संचालक मंडल के साथ गत 25 वर्षों से जुड़े हैं।

सर्वोदय भवन की दोनों स्मारिका के मुख्य संपादक की भूमिका का निर्वाह भी किया है। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह और सर्वोदय भवन की ओर से व्यवस्थापक धर्मवीर ने हस्ताक्षर किए।

# गांधी अध्ययन केन्द्र व डीएन कॉलेज के बीच हुए एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर



उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. महेन्द्र सिंह तथा धर्मवीर शर्मा आदि।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** पुरानी अनाज मंडी रोड स्थित गांधी अध्ययन केन्द्र, सर्वोदय भवन तथा दयानंद महाविद्यालय, हिसार के इतिहास विभाग के बीच आपस में समन्वय से कार्य करने के लिए समझौता (एम.ओ.यू.) सम्पन्न हुआ जिसके तहत दयानंद महाविद्यालय में महात्मा गांधी से सम्बन्धित कार्यक्रम करवाए जाऐंगे तथा विद्यार्थियों को गांधी जी के व्यक्तित्व, कर्तव्य व चिन्तन पर शोध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दूसरी ओर शोध के लिए सामग्री, दस्तावेज, चित्र व साहित्य जो सर्वोदय भवन में उपलब्ध होगा जिसको विद्यार्थी देख सकेंगे। आज हुए इस समझौते में इन दोनों संस्थाओं के सम्बन्धों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगा। दयानन्द महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह तथा सर्वोदय भवन की ओर से व्यवस्थापक धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए।

सर्वोदय भवन के संस्थापक दादा गणेशी लाल, लाला बलवन्त राय तायल, ठाकुर दास भार्गव व भगत रामेश्वर दास इत्यादि दयानन्द महाविद्यालय की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। दयानन्द महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य ज्ञानचन्द महाजन, डॉ. डी.एन. शर्मा तथा नारायण दास ग्रोवर, सुभाष शर्मा नियमित रूप से वहां जुड़े रहे जबकि पूर्व प्राचार्य सर्वदानंद आर्य व वर्तमान प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने भी विभिन्न अवसरों पर सर्वोदय भवन की गोष्ठी में व्याख्यान दिए हैं।

दयानन्द महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य आई.जे नाहल तथा वर्तमान में शिक्षक डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, नरेन्द्र कुमार, सुरेश यादव, मंजीत सिंह नियमित गतिविधियों व कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह सर्वोदय भवन संचालक मण्डल के साथ पिछले 25 वर्षों से जुड़े हैं। सर्वोदय भवन की दोनों स्मारिकाओं के मुख्य सम्पादक की भूमिका का निर्वाह भी डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया है।

# दयानन्द महाविद्यालय के इतिहास विभाग तथा गांधी अध्ययन केन्द्र, सर्वोदय भवन के बीच हुए एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 28 अप्रैल :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के इतिहास विभाग तथा हिसार के गाँधी अध्ययन केन्द्र, सर्वोदय भवन के बीच आपस में समन्वय से कार्य करने हेतु समझौता (एम.ओ.यू.) सम्पन्न हुआ जिसके तहत दयानन्द महाविद्यालय में महात्मा गाँधी जी से सम्बन्धित कार्यक्रम करवाए जाऐंगे तथा विद्यार्थियों को गाँधी जी के व्यक्तित्व, कर्त्तव्य व चिन्तन पर शोध करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर शोध हेतु सामग्री, दस्तावेज, चित्र व साहित्य जो सर्वोदय भवन में उपलब्ध होगा वह विद्यार्थी देख सकेंगे। दयानन्द महाविद्यालय, हिसार व सर्वोदय भवन के बीच सम्बन्ध प्रारम्भ से ही अच्छे रहे हैं। सर्वोदय भवन के संस्थापक दादा गणेशी लाल, लाला बलवन्त तायल, ठाकुरदास भार्गव व भगत रामेश्वर दास इत्यादि दयानन्द महाविद्यालय की गतिविधियों में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं। दयानन्द महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य श्री ज्ञानचन्द महाजन, डॉ. डी.एन. शर्मा तथा नारायण दास ग्रोवर, श्री सुभाष शर्मा नियमित रूप से वहाँ जुड़े रहे। जबकि पूर्व प्राचार्य सर्वनन्द आर्य व वर्तमान प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने भी विभिन्न अवसरों पर सर्वोदय भवन की गोष्ठी में व्याख्यान दिए हैं। दयानन्द महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री आई.जे नाहल तथा वर्तमान में शिक्षक डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, श्री नरेन्द्र कुमार, श्री सुरेश यादव, श्री मंजीत सिंह नियमित गतिविधियों व कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह सर्वोदय भवन संचालक मण्डल के साथ गत 25 वर्षों से जुड़े हैं। सर्वोदय भवन की दोनों स्मारिकाओं के मुख्य सम्पादक की भूमिका का निर्वाह भी डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया है। आज हुए इस समझौते में इन दोनों संस्थाओं के सम्बन्धों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगा। दयानन्द महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह तथा सर्वोदय भवन की ओर से व्यवस्थापक श्री धर्मवीर शर्मा ने हस्ताक्षर किए।

